### एनजीटी की डेडलाइन सिर पर, बुलडोजर की रफ्तार तेज, लेकिन ...

# क्या बड़े 'मगरमच्छों' तक पहुंचेगा प्रशासन ?

- **347 में सिर्फ 57 अतिक्रमण हटे, बाकी 290 पर कार्रवाई का इंतजार**
- **आम लोगों के बाद अब प्रभावशाली निर्माणों की बारी या फिर होगी खानापूर्ति?**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** 9 जुलाई को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में पेश होने वाली एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) से ठीक पहले जिला प्रशासन और नगर निगम अचानक एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं।

शनिवार को सेवनिया गौंड, गौरा बिशनखेड़ी और बिशनखेड़ी क्षेत्र में एफटीएल (फुल टैंक लेवल) की 50 मीटर परिधि के भीतर बने छह पक्के निर्माणों पर बुलडोजर चला दिया गया। अब सोमवार से बोट क्लब क्षेत्र में भी कार्रवाई की तैयारी है, जहां 26 निर्माण एफटीएल सीमा के भीतर चिन्हित किए गए हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ एनजीटी को रिपोर्ट दिखाने तक सीमित है, या फिर बड़े तालाब के संरक्षण के लिए सभी अतिक्रमणों पर बिना किसी भेदभाव के समान कार्रवाई होगी? प्रशासन के रिकॉर्ड के अनुसार, 25 फरवरी से शुरू हुए अभियान में अब तक 347 चिन्हित अतिक्रमणों में से केवल 57 ही हटाए जा सके हैं। यानी करीब 290 अतिक्रमण अब भी जस के तस खड़े हैं। ऐसे में कार्रवाई की रफ्तार और उसकी निष्पक्षता दोनों सवालों के घेरे में हैं।

**आम लोगों पर बुलडोजर, प्रभावशाली निर्माणों पर सन्नाटा? :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब तक जिन निर्माणों पर कार्रवाई हुई, उनमें अधिकांश आम नागरिकों के मकान, फार्म हाउस और छोटे व्यवसाय शामिल हैं। जबकि बड़े और प्रभावशाली लोगों से जुड़े कई निर्माण अब भी प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

बोट क्लब क्षेत्र के सर्वे में विंड्स एंड वेव रेस्टोरेंट, जाक रेस्टोरेंट का लगभग चार हजार वर्गफुट हिस्सा, लहर रेस्टोरेंट तथा नगर निगम के फूड जोन की 26 दुकानों को एफटीएल सीमा में पाया गया है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि क्या इन पर भी वैसी ही कार्रवाई होगी जैसी अन्य क्षेत्रों में की गई।

**होटल ताज और अन्य बड़े निर्माणों पर भी उठ रहे सवाल :** स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह आरोप लगाए जाते रहे हैं कि बड़े तालाब की 50 मीटर परिधि में कुछ प्रभावशाली लोगों से जुड़े निर्माण भी मौजूद हैं। इनमें होटल ताज का नाम भी चर्चाओं में लिया जाता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पक्ष की ओर से कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया भी सामने नहीं आई है। इसी तरह चिरायु अस्पताल सहित कुछ अन्य भवनों को लेकर भी यह दावा किया जाता रहा है कि वे डूब क्षेत्र अथवा एफटीएल सीमा के दायरे में आते हैं। वहीं कुछ मामलों में न्यायालय से स्थगन आदेश होने के कारण प्रशासन कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

**अब पूरा शहर एक ही सवाल पूछ रहा है:** क्या बुलडोजर एफटीएल में बने हर अवैध निर्माण तक पहुंचेगा, या फिर प्रभावशाली 'मगरमच्छों' के सामने प्रशासन की रफ्तार थम जाएगी?

#### एनजीटी की नजर अब एटीआर पर

*9 जुलाई को एनजीटी के समक्ष पेश होने वाली एक्शन टेकन रिपोर्ट तय करेगी कि अधिकरण प्रशासन की कार्रवाई को कितना प्रभावी और संतोषजनक मानता है। यदि रिपोर्ट में केवल संख्या दिखाई गई और बड़े अतिक्रमणों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो निष्पक्षता को लेकर सवाल और तेज हो सकते हैं। बड़ा तालाब केवल भोपाल की पहचान ही नहीं, बल्कि लाखों लोगों की जीवनरेखा है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण का कानून भी यही कहता है कि कार्रवाई व्यक्ति की हैसियत देखकर नहीं, बल्कि अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति देखकर होनी चाहिए।*

# रॉयल एनफील्ड बाइकर्स की रैली को पुलिस कमिश्नर ने दिखाई हरी झंडी

### हेलमेट पहनो, नियम मानो का दिया संदेश, सैकड़ों बाइकर्स हुए शामिल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रविवार को भोपाल में रॉयल एनफील्ड बाइकर्स की विशाल रैली निकाली गई। पुलिस कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली में सैकड़ों बाइकर्स ने हिस्सा लिया और 'हेलमेट लगाओ, नियम निभाओ' का संदेश दिया।

रैली का आयोजन रॉयल एनफील्ड राइडर्स ग्रुप और भोपाल पुलिस के सहयोग से किया गया था। रैली डीबी सिटी मॉल से शुरू होकर एमपी नगर, अरेरा कॉलोनी, न्यू मार्केट होते हुए टीटी नगर स्टेडियम पर समाप्त हुई। रास्ते भर बाइकर्स ने तिरंगा और सड़क सुरक्षा के बैनर लहराए।

कमिश्नर ने की अपील,

कार्यक्रम में पहुंचे पुलिस कमिश्नर ने कहा कि युवा बाइकर्स शहर की शान हैं। तेज रफ्तार, स्टंट और बिना हेलमेट बाइक चलाना न सिर्फ खुद के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी खतरनाक है। उन्होंने बाइकर्स से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन कर दूसरों के लिए मिसाल बनें। कमिश्नर ने खुद भी बाइकर्स के साथ कुछ दूरी तक राइड की।

रॉयल एनफील्ड ग्रुप के आयोजकों ने बताया कि रैली का मकसद बाइकिंग कल्चर को सकारात्मक दिशा देना है। अक्सर स्टंट और रैश ड्राइविंग की वजह से बाइकर्स की छवि खराब होती है। इस रैली से ये संदेश देना था कि अनुशासित तरीके से भी राइडिंग का मजा लिया जा सकता है।

रैली के दौरान ट्रैफिक पुलिस की टीम ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पूरे रूट पर एंबुलेंस और क्रेन तैनात रही। कार्यक्रम के अंत में सभी बाइकर्स ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली।

# महिला एवं बाल अपराधों पर कुशल अभियोजन सुनिश्चित करने संभागीय कार्यशाला



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भोपाल संभाग के अभियोजन अधिकारियों एवं लोक अभियोजकों की एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला शनिवार को होटल सयाजी में आयोजित की गई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय शुक्ला थे, जबकि संचालक लोक अभियोजन बी.एल. प्रजापति और भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियोजन अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण की मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) तैयार कर प्रभावी पैरवी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियोजन व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक संसाधन एवं नए पदों की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। संचालक लोक अभियोजन बी.एल. प्रजापति ने कहा कि सभी अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से अभियोजन विभाग बेहतर कार्य कर रहा है। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान ने महिला एवं बाल अपराधों से जुड़े साइबर अपराध, मोबाइल फोरेंसिक और ई-साक्ष्य पर प्रशिक्षण दिया। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा ने पॉक्सो एवं जेजे एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी।

सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश डी.के. श्रीवास्तव ने पॉक्सो मामलों में प्रभावी पैरवी की रणनीति बताई, जबकि पूर्व मेडिको-लीगल संचालक डी.एस. बड़कुर ने महिला अपराधों में फोरेंसिक एवं डीएनए साक्ष्यों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और विदिशा के अभियोजन अधिकारी एवं लोक अभियोजक शामिल हुए।

## मुकेश की 103वीं जयंती पर 26 जुलाई को गूंजेंगे सदाबहार फिल्मी गीत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर की 103वीं जयंती के अवसर पर कायस्थम संस्था द्वारा 26 जुलाई को 'रिमझिम गिरे सावन-2.0' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, नेहरू नगर स्थित सभागार में दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। कायस्थम की महासचिव डॉ. रश्मि सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में कायस्थ समाज के 30 चित्रांश गायक मुकेश के लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे।

उन्होंने बताया कि यह 'रिमझिम गिरे सावन' श्रृंखला का दूसरा आयोजन है। पिछले वर्ष 17 अगस्त 2025 को मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर आयोजित पहले कार्यक्रम को श्रोताओं का भरपूर स्नेह मिला था। इस बार भी बड़ी संख्या में गायकों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। डॉ. सक्सेना ने बताया कि शेष पंजीकृत गायकों को अवसर देने के लिए कार्यक्रम का दूसरा चरण सितंबर में आयोजित किया जाएगा।

### कोहेफिजा कार लूट केस में खुलासा

## चैट और सीसीटीवी फुटेज से जांच में फरियादी-आरोपी के बीच पैसों के लेन-देन के मिले सबूत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोहेफिजा थाना क्षेत्र के मनुआभान टेकरी के पास हुई कार लूट की वारदात की जांच में नए तथ्य सामने आए हैं। पुलिस को फरियादी सौरभ सीतलानी और मुख्य आरोपी आदित्य शर्मा के बीच पैसों के लेन-देन से जुड़ी चैट मिली है।

वहीं घटना के बाद परवलिया रोड स्थित एक ढाबे के सीसीटीवी फुटेज में दोनों पक्ष एक साथ बैठे दिखाई दिए हैं, जिससे मामले की जांच नए मोड़ पर पहुंच गई है। पुलिस के अनुसार, फरियादी सौरभ सीतलानी परिचित आदित्य शर्मा के बुलाने पर परवलिया रोड स्थित एक ढाबे पर गया था। वहां आदित्य के साथ बाबर उर्फ मंडी, मुदीन और बुशरान भी मौजूद थे। भोजन के बाद सभी लोग सौरभ की टाटा टियागो कार से भोपाल लौट रहे थे। आरोप है कि मनुआभान टेकरी के पास कार रुकवाकर आरोपियों ने सौरभ के साथ मारपीट की और कार लेकर फरार हो गए। जांच के दौरान मिले सीसीटीवी फुटेज में घटना के करीब दो घंटे बाद सभी एक साथ नजर आए हैं। पुलिस अब ढाबा संचालक से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि फुटेज में दर्ज समय सही है या तकनीकी कारणों से उसमें अंतर है।

जांच में यह भी सामने आया है कि फरियादी पहले एक मोबाइल ऐप के जरिए ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़ा रहा है और राजस्थान पुलिस उसे पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस को आरोपियों के भी उसी नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच सभी पहलुओं पर की जा रही है और तकनीकी व डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। फिलहाल लूटी गई टाटा टियागो कार बरामद नहीं हो सकी है। दो आरोपियों से पूछताछ जारी है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच जारी है और सभी तथ्यों का तस्दीक की जा रही है।

## आज एफेलियन डेः सूर्य से सबसे दूर होगी पृथ्वी, फिर भी गर्मी रहेगी बरकरार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पृथ्वी रविवार रात अपनी वार्षिक कक्षा के उस बिंदु पर पहुंचेगी, जहां वह सूर्य से पूरे वर्ष में सबसे अधिक दूरी पर होगी। इस खगोलीय घटना को एफेलियन डे कहा जाता है।

नेशनल अवार्ड विजेता खगोल विज्ञान प्रसारक सारिका घारू के अनुसार भारतीय समयानुसार रात 11 बजे पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी लगभग 15.2 करोड़ किलोमीटर होगी, जो पूरे वर्ष की सर्वाधिक दूरी है। सारिका घारू ने बताया कि पृथ्वी की कक्षा पूरी तरह गोल नहीं, बल्कि हल्की अंडाकार है। इसी कारण हर वर्ष जनवरी में पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट (पेरिहेलियन) और जुलाई में सबसे दूर (एफ़ेलियन) पहुंचती है। इस वर्ष 3 जनवरी को यह दूरी लगभग 14.7 करोड़ किलोमीटर थी, जबकि 6 जुलाई को यह बढ़कर 15.2 करोड़ किलोमीटर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि आम धारणा है कि सूर्य से दूरी बढ़ने पर तापमान कम होना चाहिए, लेकिन यह वैज्ञानिक रूप से सही नहीं है। मौसमों का निर्धारण पृथ्वी और सूर्य की दूरी से नहीं, बल्कि पृथ्वी की धुरी के लगभग 23.5 डिग्री झुकाव से होता है। वर्तमान में उत्तरी गोलार्ध सूर्य की ओर झुका हुआ है, इसलिए भारत सहित इस क्षेत्र में गर्मी का मौसम बना हुआ है। वहीं दक्षिणी गोलार्ध के देशों, जैसे ऑस्ट्रेलिया, में इस समय सर्दी का मौसम है। एफ़ेलियन के दौरान सूर्य का आकार आकाश में सामान्य से लगभग 3.4 प्रतिशत छोटा दिखाई देता है।

# बाइक चलाने को लेकर हुए विवाद के बाद 10-15 बदमाशों ने रेस्टोरेंट में मचाया उत्पात

### तोड़फोड़ के साथ शेफ और कर्मचारियों से भी मारपीट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बांगरासिया-भोजपुर रोड पर शनिवार रात करीब 10 बजे उस समय दहशत फैल गई, जब 10 से 15 हथियारबंद बदमाश एक होटल में घुस आए और वहां मौजूद चार युवकों पर तलवार, चाकू, हॉकी और बेसबॉल बैट से जानलेवा हमला कर दिया।

बदमाशों ने होटल में जमकर तोड़फोड़ की और बीच-बचाव करने पहुंचे शेफ व कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की। पूरी वारदात होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

हमले में 24 वर्षीय लीलाधर कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एम्स भोपाल में भर्ती कराया गया है। उसके शरीर और गर्दन पर धारदार हथियारों के कई गहरे घाव हैं। अन्य तीन युवकों को भी चोटें आई हैं, जिनमें दो को मामूली चोटें बताई गई हैं।

बाइक चलाने को लेकर शुरू हुआ विवाद,घायल लीलाधर कुशवाह के अनुसार वह अपने तीन साथियों के साथ मंडीदीप स्थित फैक्ट्री से ड्यूटी खत्म कर पैदल जैन ब्रदर्स होटल खाना खाने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे कुछ युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर चारों युवक जान बचाने के लिए होटल के अंदर चले गए।

होटल में घुसकर किया हमला प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही मिनट बाद 10-15 बदमाश हथियारों के साथ होटल में घुस आए और युवकों पर हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाशों ने लीलाधर को होटल से घसीटकर बाहर निकाला और धारदार हथियारों से कई वार किए। होटल में तोड़फोड़ करते हुए उन्होंने कर्मचारियों और बीच-बचाव करने वालों के साथ भी मारपीट की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

#### सीसीटीवी फुटेज पुलिस के कब्जे में

पूरी घटना होटल के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में हथियार लेकर होटल में घुसते और हमला करते बदमाश स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने फुटेज पुलिस को सौंप दिए हैं।

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

मिसरोद थाना पुलिस के अनुसार अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने घायलों के बयान दर्ज किए हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

### जीआरपी का ऑपरेशन 'हमदर्द'

## 37 बेसहारा लोगों का किया डिजिटल डोजियर तैयार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जीआरपी भोपाल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन हमदर्द' के तहत चौथे दिन रेलवे स्टेशन एवं रेलवे परिसर में मिले 37 बेसहारा, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों का डिजिटल डोजियर तैयार किया गया।

पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल अंकित जायसवाल के निर्देशन में 1 से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म, मुसाफिरखाना एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की। अभियान के तहत मिले व्यक्तियों का सत्यापन कर उनकी पहचान सुनिश्चित करने तथा परिजनों से संपर्क कराने की कार्रवाई की जा रही है। जीआरपी ने बताया कि अभियान के दौरान 29 पुरुष, 7 महिलाएं एवं 1 बालक सहित कुल 37 लोगों का डिजिटल डोजियर तैयार किया गया। इनमें से अधिकांश ऐसे लोग हैं जिनके पास रहने का कोई स्थायी ठिकाना नहीं है। पुलिस द्वारा इनके परिजनों और गृह राज्य से संपर्क कर पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की गई है।

अभियान के दौरान नई दिल्ली निवासी 14 वर्षीय एक बालक, जो इटारसी नगर में लावारिस हालत में घूमता मिला था, उसकी पहचान कर परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया और उसे सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया।

## चलती कार में स्टंट और सनरूफ से निकलकर शराब पीते युवकों का वीडियो वायरल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी की वीआईपी रोड पर चलती कार की सनरूफ से बाहर निकलकर शराब पीते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में युवक तेज रफ्तार कार की सनरूफ से बाहर निकलकर बोतल से शराब पीते और स्टंट करते दिख रहे हैं। कोहेफिजा पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

वायरल वीडियो करीब 30 सेकंड का है। इसमें एक सफेद रंग की स्ङ्क वीआईपी रोड पर दौड़ रही है। कार की सनरूफ से दो युवक आधा शरीर बाहर निकालकर शराब पी रहे हैं और हाथ हिलाकर स्टंट कर रहे हैं। आसपास से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने वीडियो बना लिया जो अब इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर तेजी से फैल रहा है।

पुलिस ने दर्ज किया केस,

कोहेफिजा टीआई ने बताया कि वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर कार का नंबर ट्रेस किया जा रहा है। कार मालिक और उसमें सवार युवकों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और यातायात नियमों के उल्लंघन में मामला दर्ज करने की तैयारी की है।

आरोपितों पर लापरवाही से मानव जीवन को खतरे में डालने की धारा 281 ङ्कहस्, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184, 185 और आबकारी एक्ट की धारा 36 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कार भी जब्त की जाएगी।

अधिकारी ने कहा कि वीआईपी रोड पर इस तरह स्टंट और शराब पीकर गाड़ी चलाना न सिर्फ कानून का उल्लंघन है बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरा है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### सोशल मीडिया पर नाराजगी,

वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने कमेंट में पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि वीआईपी रोड पर आए दिन रईसजादे स्टंट करते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती।

## साठ लीटर अवैध शराब जब्त स्कूटर सहित आरोपी गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में स्टेशन बजरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60.84 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की है। शराब की तस्करी में इस्तेमाल हो रहा जुपिटर स्कूटर भी जब्त किया गया।

टीआई शिल्पा कौरव ने बताया कि 4 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दोपहिया वाहन से बड़ी मात्रा में शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर कोच फैक्ट्री के पास जंगल में घेराबंदी की गई। पुलिस ने संदिग्ध स्कूटर एमपी 04 वायएक्स 3576 को रोका और तलाशी ली। स्कूटर पर रखे काले झोले से देशी मदिरा प्लेन के 180 एमएल के 338 क्वार्टर मिले। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 25,688 रुपये है।

गिरफ्तार आरोपी अब्दुल खालिद उम्र 48 वर्ष, निवासी रिसालदार कॉलोनी, छोला नाका का है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। पूछताछ में आरोपी ने शराब को कहां से लाना और कहां सप्लाई करना था, इस बारे में जानकारी दी है।

# सेवा सप्ताह के तहत विहिप-बजरंग दल 30 स्थानों पर करेंगे सेवा कार्य




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा 5 से 12 जुलाई तक मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत भोपाल विभाग के छह जिलों में वृक्षारोपण और निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारी अरुण नेटके, प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान, विभाग मंत्री जीवन शर्मा, विभाग सह मंत्री हरिओम शर्मा तथा विभाग संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

विभाग मंत्री जीवन शर्मा ने बताया कि संगठन समाज सेवा के कार्यों के लिए निरंतर सक्रिय है और आगे भी विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित करता रहेगा। विभाग संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं को वृक्षारोपण के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और औषधीय पौधों की उपयोगिता की जानकारी दी तथा सभी से कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि सेवा सप्ताह के दौरान छह जिलों के 30 प्रखंडों में मेडिकल कैंप, वृक्षारोपण, मंदिरों की पुताई सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।